










# अतिक्रमणकारियों के भेंट चढ़ीं सरकारी जमीनें

## तीन बार नपित होने के बावजूद नगर परिषद की आज फिर नापी गई जमीन

नवभारत न्यूज

**कोठी 11 फरवरी। जिले भर में सरकारी जमीनों में जो खेल खेला गया है इसकी वजह से प्रशासन को बार-बार जमीन नपानी पड़ रही है और अपनी खुद की जमीन को ढूंढते फिर रहे हैं । सतना शहर में तो यह है ही अब कोठी में यह समस्या विकराल रुप ले चुकी है।**

वर्तमान में अतिक्रमण के चलते कोठी की नदी भी अब नाला के रूप में परिवर्तित होने लगी है और पूर्व के मौजूद नाला अब विलुप्त हो गए हैं और वहां पर अब नालियां बना दी गई हैं साथ ही सरकारी जमीन पर ऐसा खेल खेला गया है कि कोई कुछ कर ही नहीं पा रहा है और जमीन नापते नापते अधिकारी खुद कई बार नप चुके हैं परंतु पूर्ण रूप से निराकरण नहीं कर पाए यही वजह है कि जब भी कोई अधिकारी कोठी नगर परिषद पर पहुंचता है उसको अपनी जमीन तलाशने के लिए बार-बार नपित करवानी पड़ती है जबकि बताया गया कि पूर्व में सीमांकन सहित कई बार जमीन नापी जा चुकी है फिर भी यह समस्या हरदम बनी ही रहती है जबकि पूर्व सीएमओ पूजा द्विवेदी के कार्यकाल में जमीन का निपटारा कर दुकानों का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था जहां पर अब दुकान पूर्ण रूप से बनकर तैयार भी हैं और अब उनकी बोली भी लग चुकी है जहां पर नगर परिषद की दुकानें बनी है उसके कुछ हिस्से में पूर्व में कोठी वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम ने निर्माण कार्य कराया गया था जिस पर नपित होने के बाद उसको गिरा दिया गया था और नगर परिषद ने अपना निर्माण कार्य कराया था उस जमीन पर कुछ दिन



न्यायालय में केस भी चला था और तब कुछ समय के लिए वहां पर स्टे भी मिला था इसके बाद निदान होने के बाद नगर परिषद ने फिर से दुकानों का निर्माण कर दिया था और अपनी जमीन को चिन्हित कर बाउंड्री भी बनवा ली गई थी साथ ही नगर परिषद के अन्य हिस्से में भी बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य कराया गया था कुल मिलाकर नगर परिषद की जमीन को चारों तरफ से सुरक्षित किए जाने की कवायद की जा रही थी जिस पर अड़चन फिर से आ गई है और अब फिर से जमीन नापनी पड़ गई । बताया गया कि नगर परिषद कार्यालय के पीछे से सरकारी नाला गया हुआ था जो काफी दूर से आया हुआ था और कोठी नदी में मिलता था जो अब अतिक्रमण के चलते पूर्ण रूप से विलुप्त हो गया है और उसके लिए नालियां बनाई गई हैं जो पर्याप्त नहीं है अधिक वर्षा होने पर आज भी सड़क में ही पानी बहता है ,नगर परिषद कार्यालय के सामने से मुख्य सड़क निकली है और मुख्य सड़क के सामने पूर्व दिशा में 222 नंबर की आराजी है जहां पर नाला गया हुआ था जिसकी आज तक सही ढंग से नाप नहीं की गई और वहां पर कई निर्माण कार्य भी कर दिए गए और कॉलोनी बसाई जा रही है तथा नाले को विलुप्त कर दिया गया है और पूरा स्वरूप खत्म कर दिया गया है बताया गया कि 220 आराजी भी उसके बगल से थी यहीं पर जिम्मेदारों की मिली भगत से खेल-खेलकर सरकारी नाला को रफा दफा कर दिया गया है जिसकी वजह से भी कई समस्याएं आ रही हैं जबकि नगर परिषद की आरजी क्रमांक 274 है और सड़क 79 नंबर में है जिसके लिए कई बार नाप हो चुकी है फिर भी सही ढंग से निराकरण नहीं हो पा रहा है और नगर परिषद के दक्षिणी ,उत्तरी ,पश्चिमी एवं पूर्व सभी दिशाओं में जमकर अतिक्रमण है नाला खत्म होने के बाद भी सरकारी जमीन सही ढंग से नहीं निकल पा रही है जिसकी वजह से अनायास ही दूसरे लोगों की जमीन जाने का संकट सामने आ रहा है क्योंकि जहां पर नगर परिषद की जमीन है वहां पर दबंगो का भी कब्जा है तभी तो आज फिर से जमीन की नाप नगर परिषद को करवानी पड़ गई और नपित की गई जमीन को चिन्हित भी किया गया जिसमें भी कई बलदाव सामने आ रहे हैं अब आगे नगर परिषद क्या करती है बार-बार जमीन क्यों नपानी पड़ती है और बार-बार अलग-अलग जगह पर क्यों चिन्हित होती है यह देखना दिलचस्प होगा इस दौरान जमीन नपित करने में कोठी सीएमओ संजय सिंह,कोठी पटवारी प्रवीण सिंह, तहसील कार्यालय के अन्य कर्मचारी व नगर परिषद के कर्मचारियों सहित आमजन एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# रजरवार में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान धूमधाम से हुआ कृष्ण-रुक्मणी विवाह

नवभारत न्यूज

**कोटर 11 फरवरी। क्षेत्र के रजरवार में स्थित भगवती वेयरहाउस में इन दिनों श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ जारी है। कथा स्थल पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे हैं और भक्ति में सराबोर हो रहे हैं।**

कथा वाचक के श्रीमुख से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया जा रहा है। कथा के क्रम में आज श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह प्रसंग का आयोजन अत्यंत धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विवाह प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल भक्ति गीतों, मंगल ध्वनियों और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने विवाह उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं ने मंगलगीत गाए तो वहीं पुरुष श्रद्धालु भी भक्ति में लीन दिखाई दिए। आयोजन नवनीत मिश्रा द्वारा सुंदर सजावट एवं



समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ लेने की अपील की है। चारबाग क्षेत्र में चल रहा यह धार्मिक आयोजन भक्तों के लिए आस्था और उत्साह का केंद्र बना हुआ है कथा वाचक बांके बिहारी जी महाराज के द्वारा सुनाया जा रहा है जिसमें कोटर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु पहुंचकर कथा का आनंद लेते हैं।

# मुकुन्दपुर में 4 मार्च को मनाया जायेगा आटिका महोत्सव

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 11 फरवरी । मैहर जिला अन्तर्गत मुकुन्दपुर में इस वर्ष श्री जगन्नाथ जी स्वामी मंदिर में 2 मार्च को पोशाक चढ़ावा एवं 4 मार्च को आटिका महोत्सव का परम्परागत भव्य आयोजन सम्पन्न होगा । जिसमे आटिका महाप्रसाद चढ़ाने का सौभाग्य जितेंद्र सिंह बघेल कस्तरा ( मुकुन्दपुर )सामाजिक कार्यकर्ता को प्राप्त हुआ है। जिन्हें सम्मान और प्यार से क्षेत्रीय लोग कक्का साहब के नाम पुकारते हैं।**

मुकुंदपुर स्थित मध्यकालीन श्री जगन्नाथ जी स्वामी की भव्य प्रतिमाएँ एवं आटिका महोत्सव बहुत प्रसिद्ध है । यहाँ का होलिकोत्सव भक्ति भावना का अद्वितीय मिशाल प्रस्तुत करता है। इस मंदिर की महिमा जगन्नाथपुरी से जुड़ी है, जहाँ रीवा रियासत के बघेल महाराजा भाव सिंह जू देव ने लगभग 350 वर्ष पहले पुरी उड़ीसा से लाकर भगवान जगन्नाथ जी, बलभद्र भइया एवं सुभद्रा माता की विशाल प्रतिमाएँ स्थापित की थीं। तभी से यहाँ आटिका महाप्रसाद की प्राचीन और अनोखी परम्परा चली आ रही है। तीन मार्च को चन्द्रग्रहण होने के कारण 2 मार्च को ही पोशाक चढ़ावा का विशेष कार्यक्रम होगा।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहे हैं श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**नागौद 11 फरवरी। भागवत महापुराण के हर श्लोक में उत्तम श्लोक श्री कृष्ण का निवास होता है यह सिद्ध ग्रंथ है इसके पाठ एवं श्रवण करने से मानव में दैवीय गुणों का समावेश हो जाता है। भागवत के बारह स्कंध भगवान श्री कृष्ण के 12 अंग हैं ।**

दहलान धाम सरकार शिवराजपुर में धर्मवीर पं रुद्र प्रताप त्रिपाठी द्वारा आयोजित रुद्र महायज्ञ में भागवत कथा के पंचम दिवस महाराष्ट्र से आये हुए रामायण भागवत शिवपुराण एवं वाल्मीकि रामायण के मर्मज्ञ विद्वान मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने व्यक्त किया। गजेन्द्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए आपने कहा कि यह जीव ही गजेन्द्र है संसार ही समुद्र और नाते रिस्ते पत्नी पुत्र सब इसके सहयोगी हैं। जब तक शरीर में शक्ति है कमाकर इन्हें खिलाने की क्षमता है तब तक सब प्रेम करते हैं किन्तु मृत्यु रूपी ग्राह जब अपने जबड़े में जीव को फंसा देता है तो सब साथ छोड़ देते हैं। गजेन्द्र ने जब तक शक्ति रही ग्राह से युद्ध किया किंतु जब सारे परिवार के सदस्य उसे छोड़कर चले गए मृत्यु सन्निकट दिखने लगी तब गजराज को भगवान की याद आई। एक कमल का पुष्प सूंड़ से ऊपर उठाकर गजराज आर्त स्वर से भगवान को पुकारने लगा। भगवान का यह स्वभाव है कि पापी से पापी व्यक्ति भी जब आर्त होकर उन्हें पुकारता है तो वे उसके






गुण अवगुण नहीं देखते तत्काल भगवान प्रकट हो गए और चक्र से ग्राह का मुख फाड़कर गजेन्द्र की रक्षा कर लिया। समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए आचार्य जी ने कहा कि एक बार इन्द्र से रूठ कर लक्ष्मी जी समुद्र में चली गई स्वर्ग पर राक्षसों ने अधिकार कर लिया तब भगवान ने देवताओं और दैत्यों से समुद्र मंथन करा कर उसमें से अमृत प्रकट कराया तथा देवताओं को अमृत पिला कर उन्हें अमर कर दिया और देवता अपूर्व बलशाली हो गये। इस प्रकार दैत्यों को पराजित कर के उन्होंने पुनः स्वर्ग पर अधिकार प्राप्त किया।

आज की कथा में चंद्रशेखर त्रिपाठी गोविंदा गर्ग जय प्रकाश शर्मा अवनीश शर्मा जगन द्विवेदी सोनू मिश्रा राज नारायण तिवारी गुड्डा शर्मा पवन त्रिपाठी मुकेश पाण्डेय पीयूष शास्त्री मुकेश तिवारी दीपक शर्मा जुगुल किशोर गौतम दीपू शर्मा मुकेश मिश्रा मोहित त्रिपाठी संचालन आशीष बाजपेयी ने किया।

### आज आएंगे शारदा पीठ के शंकराचार्य



श्री त्रिपाठी ने बताया महायज्ञ में पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाभाग जी का आगमन हो रहा है। शंकराचार्य महाभाग दो दिनों तक शिवराजपुर में निवास करेंगे तथ उनका अमृत उपदेश श्रवण करने का सौभाग्य श्रोताओं को सुलभ होगा। इस भव्य आयोजन के यजमान पं चंद्रशेखर त्रिपाठी गोविंदा गर्ग ने समस्त क्षेत्र वासियों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर कथामृत पान करने का आग्रह किया है।

# बड़ा अखाड़ा में मना गुरुभक्ति का दिव्य उत्सव

## श्री सीता बल्लभ शरण गुरु महाराज के जन्मोत्सव पर प्राप्त किया आशीर्वाद

नवभारत न्यूज

**मैहर 11 फरवरी। विंध्य प्रदेश की पावन भूमि पर स्थित बड़ा अखाड़ा, मैहर में परम पूज्य गुरुदेव भगवान श्री श्री 1008 श्री सीता बल्लभ शरण गुरु महाराज जी का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस दिव्य अवसर पर समाजसेवी कैलाश लालवानी गुरु आश्रम पहुँचकर गुरुदेव को जन्मदिन की शुभकामनाएँ अर्पित कीं तथा उनका स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त किया।**

कैलाश लालवानी ने परंपरानुसार पावन अंगवस्त्र अर्पित कर गुरुदेव के श्रीचरणों में नमन किया। गुरु महाराज



ने उन्हें धर्म, सेवा और समाजहित के कार्यों में निरंतर अग्रसर रहने का आशीर्वचन प्रदान किया। यह क्षण गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा और भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करता रहा। जन्मोत्सव के अवसर पर आश्रम परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन एवं संत वंदना का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए समाज में सद्भाव, नैतिकता और सेवा की भावना सुदृढ़ होने की प्रार्थना की। बड़ा अखाड़ा, मैहर सदैव से आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र रहा है, जहाँ से समाज को संयम, संस्कार और सदाचार का संदेश मिलता रहा है। गुरुदेव का यह पावन जन्मोत्सव श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत बन गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि गुरुदेव का दिव्य आशीर्वाद सदैव समस्त समाज पर बना रहे।

# शादी के पहले प्रेमी संग फरार हुई युवती, पिता ने दर्ज कराया अपहरण का प्रकरण

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 11 फरवरी। चित्रकूट में शादी की रश्मों के ठीक पहले एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती के पिता ने प्रेमी सहित तीन लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। वहीं युवती ने एक वीडियो जारी कर परिजनों पर जबरन शादी कराने और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। घटना 9 फरवरी की है। बारात 12 फरवरी को आनी थी।**

दूसरी तरफ युवती के पिता ने आरोप लगाया कि कार सवार बदमाशों ने ब्यूटी पार्लर के सामने से युवती का अपहरण कियाए तलाश में जुटी पुलिस चित्रकूट में एक युवती का कार सवारों ने अपहरण कर लिया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के सीतापुर रामायण मेला के पास ब्यूटी पार्लर के सामने से सोमवार की देर शाम कार सवारों ने एक युवती का अपहरण कर लिया। युवती के पिता ने अपनी बेटी को बचाने का प्रयास किया तो कार सवार अपहरणकर्ताओं ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और मौके से फरार हो गए। इससे पिता को चोटें भी आई हैं। पिता ने अपहरण में एक महिला के भी शामिल होने का आरोप लगाते हुए पुलिस को घटना की सूचना दी है। इस मामले में बुधवार को तहरीर दी गई है। जिले की



सदर कोतवाली क्षेत्र के छपरा माफी गांव निवासी संत शरण शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शाम सात बजे को अपनी दो बेटियों दिव्या और वर्षा देवी को रामायण मेला परिसर के अपूर्वा ब्यूटी पार्लर में फेशियल कराने ले गए थे। वहां बड़ी बेटी दिव्या का पहले फेशियल हो गया था और वो बाहर निकली। छोटी बेटी वर्षा फेशियल कराने लगी। इसी बीच सफेद रंग की कार में बैठे आदित्य सिंह चौहान और दो अन्य ने बाहर निकली दिव्या को कार के अंदर खींच लिया। अपनी बेटी के अपहरण को देखकर पिता संत शरण शुक्ला ने दौड़कर उन्हें बचाने का प्रयास कियाए लेकिन कार सवारों ने उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और मौके से कार लेकर भाग गए ।पिता बेटियों का फेशियल कराने के लिए ले गया था- जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के छपरा माफी गांव निवासी संत शरण शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सोमवार की शाम सात बजे को अपनी दो बेटियों दिव्या और वर्षा देवी को रामायण मेला परिसर के अपूर्वा ब्यूटी पार्लर में फेशियल कराने ले गए थे। वहां बड़ी बेटी दिव्या का पहले फेशियल हो गया था और वो बाहर निकली।छोटी बेटी वर्षा फेशियल कराने लगी। इसी बीच सफेद रंग की कार में बैठे आदित्य सिंह चौहान और दो अन्य ने बाहर निकली दिव्या को कार के अंदर खींच लिया।

# सड़क निर्माण पर ग्रामीणों ने विधायक और सरपंच का जताया आभार

नवभारत न्यूज

**अमदरा 11 फरवरी । ग्राम पंचायत घुनवारा के वार्ड क्रमांक 16 एवं 17 में लंबे समय से प्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। नई सड़क बनने से स्थानीय ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।**

यह सड़क निर्माण कार्य पंचायत एवं संबंधित विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ। पूर्व में कच्ची एवं जर्जर सड़क होने के कारण वर्षा ऋतु में आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब पक्की सड़क बनने से विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।



ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण से न केवल यातायात सुगम हुआ है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु कार्य निरंतर जारी रहेंगे।


सड़क निर्माण पूर्ण होने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती अंजू ओम साहू तथा सचिव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# डीआरआई में मनाई गई पं . दीनदयाल उपाध्याय की 58 वीं पुण्यतिथि

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 11 फरवरी । दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की 58 वीं पुण्यतिथि समारोह के रूप में मनाई गई।**

प्रात:काल से ही संस्थान के विविध प्रकल्प गुरुकुल संकुल, उद्यमिता विद्यापीठ, सुरेन्द्रपॉल ग्रामोदय विद्यालय, आरोग्यधाम, आईटीआई तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षणार्थी एवं बच्चों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने प्रकल्पों में दीनदयाल जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये तथा कार्यकर्ताओं एवं बच्चों द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन से जुडे प्रेरणादायी प्रसंगों को दैनिक जीवन में आत्मसात करने हेतु मंचन भी किया गया ।पुण्यतिथि अवसर पर



बड़ा कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, गनीवा एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केंद्रीय उष्ण बागवानी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्मियों में मूंग उत्पादन हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया। अपने संबोधन में उप निदेशक कृषि राजकुमार जी ने कहा कि कहा कि सभी कृषकों को ग्रीष्मकालीन दलहन उत्पादन हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़कर अपनी अधिकतम भूमि का उपयोग करना चाहिए। इस दिशा में कृषि विभाग द्वारा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश को दलहनी फसलों का आयात करना पड़ रहा है, जिसे कृषकों के सामूहिक प्रयासों से कम किया जा सकता है।

गर्मी में दलहनी फसल के रूप में मूंग उत्पादन में क्षेत्रफल एवं उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का दृष्टिकोण एकात्म मानवदर्शन पर आधारित था।

### एक नजर में



### नव नियुक्त अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**सतना / हिरौंदी ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे ने ब्राह्मण हित में सदैव कार्य करने वाले युवा नेता रविकांत तिवारी रज्जन को सतना जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बुधवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष रविकांत तिवारी रज्जन का स्वागत कर नियुक्ति पत्र सौंपा ।उन्होंने अपनी नियुक्ति पर जिले के सभी वरिष्ठ ब्राह्मण नेताओं सहित समाज के प्रति आभार जताया है और कहा है कि जो जिम्मेदारी दी गई है उसमें खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उनकी इस नियुक्ति पर अखिल ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश द्विवेदी,प्रदेश संगठन मंत्री अवनीश शर्मा,जयप्रकाश शर्मा गुड्डा,अतुल शुक्ला,लाला गौतम,संजू गर्ग,अरुण गर्ग,बेटू तिवारी ,शुभम तिवारी,आशीष तिवारी,विकास पांडेय,आलोक गौतम,कमल नयन शुक्ला,दीपांशु समदारिया सहित सामाजिक बंधुओं से प्रसन्नता व्यक्त की है।

### कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का प्रतिबंधात्मक आदेश हुआ किनारे

**रामनगर ।** डीएम के आदेश का नही हो पा रहा पालन, चारो तरफ बेखौफ सुरों पर हो रहा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र में भी जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत कोलाहल वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार सम्पूर्ण जिले की सीमा के अंदर रात्रि 10 बजे से प्रात: 5 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा, लेकिन इन दिनों जहां शादी ब्याह का सीजन उफान मार रहा है, वही जन्म दिन, कथा, वार्षिकोत्सव, फेयर बेल आदि रात्रिकालीन कार्यक्रमों में देर रात तक कानफो?ू संगीत बजता रहता है, जिससे जहां बुजुर्गों व नौनिहालों को परेशानी होती है वही परीक्षार्थियों का भी ध्यान भंग होता, है, जिससे उनकी तैयारी में खलल प?ता है, क्षेत्र के अभिभावकों व बच्चों ने जिम्मेवारो, जवाबदारों से अपील करते हुए कहा है कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों की साउंड, पिच, व कानफो?ू संगीत पर नियंत्रण हेतु जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशों पर अमल करते हुए कार्यवाही कर,क्षेत्र को असमय ध्वनि प्रदूषण से मुक्ति दिला सकते है।

# ग्रामोदय महोत्सव का चौथा दिन, कुलगुरु प्रो . आलोक चौबे ने ग्रामोदय महोत्सव स्मृति वृक्ष लगाया

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 11 फरवरी। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित पंचदिवसीय ग्रामोदय महोत्सव के चौथे दिन उत्साह, ऊर्जा और पर्यावरणीय संवेदनशीलता का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने मुख्य परिसर में ग्रामोदय महोत्सव स्मृति वृक्ष का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार रूप दिया।**

स्मृति वृक्षारोपण के उपरांत कुलगुरु प्रो. चौबे ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपनी ग्रीन कैंपस ङ्क क्लीन कैंपस संकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय चेतना का भी प्रेरक स्थल है। वृक्षारोपण केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का निर्वहन है। उन्होंने ग्रामोदय परिवार से परिसर को स्वच्छ, हरित एवं ऊर्जा-संरक्षण के प्रति सजग बनाने का आह्वान किया।

8 फरवरी से प्रारंभ हुए ग्रामोदय महोत्सव के अंतर्गत खेल, बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं ललित कला



प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में आज खेल परिसर में कबड्डी की फाइनल प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं। छात्र-छात्राओं से खचाखच भरे खेल मैदान में महिला एवं पुरुष वर्ग की अलग-अलग फाइनल प्रतियोगिताओं ने रोमांच चरम पर पहुँचा दिया। महिला वर्ग की फाइनल कबड्डी प्रतियोगिता कला संकाय एवं कृषि संकाय के मध्य खेली गई, जिसमें कला संकाय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि कृषि संकाय की टीम उपविजेता रही।

पुरुष वर्ग में कला संकाय एवं अभियांत्रिकी संकाय के मध्य जोरदार मुकाबला हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने अनुशासन, रणनीति और खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. विनोद कुमार सिंह ने किया, जबकि निर्णायक की भूमिका में प्रो. देवेंद्र प्रसाद पांडेय एवं धनंजय सिंह उपस्थित रहे।

इन प्रतियोगिताओं के साक्षी के रूप में कला संकाय के अधिष्ठाता एवं ग्रामोदय महोत्सव के मुख्य संयोजक प्रो. नंदलाल मिश्र, प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अमरजीत सिंह, कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डी. पी. राय, अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. आञ्जनेय पांडेय, कुलसचिव प्रो. आर. सी. त्रिपाठी, पूर्व कुलपति प्रो. भरत मिश्रा सहित अनेक शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।